



# ट्रैक्टर की टक्कर से वृद्ध की मौत, ग्रामीणों ने सड़क पर लगाया जाम

## रीवा-सीधी मार्ग में फंसे रहे वाहन, वृद्ध दम्पत्ति को ट्रैक्टर ने मारी टक्कर, पत्नी की हालत गंभीर

नवभारत न्यूज

**रीवा, 17 मई, जिले के गुढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत महसांव भइया टोला बस्ती के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ. जहां एक अनियंत्रित ट्रैक्टर की टक्कर से ठेला चलाकर अपना जीवन-यापन करने वाले बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी की हालत बेहद गंभीर बनी हुई है. हादसे के दूसरे दिन रविवार को आक्रोशित परिजनो और स्थानीय लोगो ने रीवा-सीधी मार्ग में जाम लगा दिया.**



मिली जानकारी के अनुसार महसांव भइया टोला बस्ती निवासी धनी कोल उम्र लगभग 65 वर्ष और उनकी पत्नी रोजाना की तरह रेडियो स्टेशन महसांव के मुख्य मार्ग के किनारे अपनी आजीविका के लिए राजश्री गुटखा और अन्य सामग्रियों का ठेला लगाते थे. शुक्रवार की रात लगभग 10:30 बजे दोनों वृद्ध पति-पत्नी अपनी दुकान बंद कर ठेला समेटकर अपने घर की ओर वापस लौट रहे थे. इसी दौरान पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर इतनी भयानक थी कि दोनों पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े. दुर्घटना के तुरंत बाद स्थानीय ग्रामीणों ने संवेदनशीलता दिखाते हुए तत्काल एम्बुलेंस को सूचित किया. सूचना मिलते ही खड्डा टोल प्लाजा की आपातकालीन एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और लहूलुहान हालत में दोनों घायलों को इलाज के लिए संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल रीवा में भर्ती कराया. अस्पताल में उपचार के दौरान बुजुर्ग धनी कोल ने घावों के ताव न सहते हुए दम तोड़ दिया. वहीं उनकी पत्नी की हालत नाजुक बनी हुई है और वे आईसीयू में जीवन और मौत की जंग लड़ रही हैं. ग्रामीणों के अनुसार, मृतक बुजुर्ग और उनकी पत्नी अत्यंत गरीब थे और इस छोटे से ठेले से ही दोनों अपनी रोजी-रोटी कमाकर भरण-पोषण करते थे. गुढ़ पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार ट्रैक्टर और उसके चालक की तलाश शुरू कर दी है.

### जाम लगने से सैकड़ों वाहन फंसे सड़क पर

हादसे के बाद ग्रामीणो एवं परिजनो में भारी आक्रोश था. परिजन आरोपी ट्रैक्टर चालक को पकड़ने की मांग पर अड़े हुए थे और रविवार की दोपहर रीवा-सीधी मार्ग में जाम लगा दिया. चिलचिलाती धूप में परिजनो ने गांव के लोगो के सहयोग से रेडियों स्टेशन महसांव भैया टोला तिराहा ने.हा. 39 में जाम लगा दिया गया. जिसके चलते सड़क पर वाहनों की लम्बी कतार लग गई. सैकड़ो वाहन जाम में फस गये. मार्ग के दोनो तरफ वाहनों की लम्बी कतार लग गई. भीषण गर्मी के चलते वाहनों में बैठे लोगो की हालत खराब हो रही थी. जाम की सूचना मिलते ही गुढ़ थाना प्रभारी शैल यादव सहित गुढ़ पुलिस मौके में पहुंच कर परिजनो को समझाइश दी और जाम खुलवाने के बाद आरोपी ट्रैक्टर चालक की तलाश शुरू कर दी है.



# वृद्ध की हत्या के बाद परिजनों ने सड़क पर लगाया जाम

नवभारत न्यूज

**रीवा, 17 मई, शहर के चोरहटा थाना अन्तर्गत सांव गांव में एक वृद्ध की निर्मम हत्या कर शव को खेत के पास फेंक दिया गया. दोपहर शव मिलने के बाद परिजनो का आक्रोश फूट पड़ा. गांव के ही कुछ लोगो पर हत्या का आरोप लगाते हुए रीवा-सेमरिया मार्ग में जाम लगा दिया.**

हत्या के बाद शव की पहचान मिटाने के लिये चेहरे को जलाने का प्रयास किया गया. देर रात तक परिजन सड़क पर जाम लगाए रहे. सूचना मिलने पर एएसपी एवं सेमरिया, चोरहटा थाना प्रभारी सहित भारी पुलिसबल मौके पर पहुंचा. परिजन जाम हटाने को तैयार नही है और कलेक्टर-एसपी को मौके पर बुलाने में अड़े हुए है. खबर लिखे जाने तक जाम नही हटाया गया. जानकारी के मुताबिक सांव निवासी तेजभान कुशवाहा का विवाद गांव के ही कुछ लोगो से जमीन को लेकर चल रहा था, कई बार मारपीट भी हुई थी. वृद्ध तेजभान का शव खेत के पास दोपहर को देखा गया जिसके बाद परिजनो सहित ग्रामीणो की भीड़ जुट गई. परिजनों का आरोप है कि पहचान छिपाने के लिये चेहरे को छिपाया गया है.

आक्रोशित परिजन और ग्रामीण रीवा-सेमरिया मार्ग में आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर जाम लगा दिया. मौके पर एएसपी आरती सिंह सहित भारी पुलिसबल पहुंचा. समझाइश के बाद भी परिजन जाम खोलने को तैयार नही हुए. परिजनो ने जिन पर संदेह जताया है पुलिस उस पर जांच कर रही है.

# पीएम की अपील के बाद सर्राफा कारोबार की चमक धीमी

नवभारत न्यूज

**रीवा, 17 मई, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोना न खरीदने की अपील का असर सर्राफा कारोबार में दिखने लगा है.**

जिले की अधिकांश सर्राफा दुकानें सूनी नजर आने लगी है. इस प्रकार, यदि सालभर व्यवसाय नहीं चला तो आने वाले संकट को लेकर व्यवसायी चिंतित है. साथ ही, इस व्यवसाय से जुड़े जिले के हजारों कारीगरों पर संकट के बादल मंडराता नजर आ रहा है, जिन्हें परिवार के भरण-पोषण की चिंता अभी से सताने लगी है. कारोबारी चाहते हैं कि सरकार इस निर्णय पर फिर से विचार करे, ताकि किसी की रोज-रोटी पर कोई संकट न आए.

जिले में सर्राफा कारोबार संचालित करने वाली अनुमानित 5 हजार दुकानें है. इन दुकानों से बड़ी संख्या में कारीगर जुड़े है, जो जोड़ाई, गलाई, डाई कटवाना, छिलाई आदि का काम करते हैं.

इसी तरह, सफाई मिस्त्री, सिलाई मिस्त्री जैसे कारीगर भी शामिल है, जो सर्राफा कारोबार में प्रतिदिन काम करके अपने परिवार का पेट भरते हैं. व्यापारियों का कहना है कि यदि साल भर कारोबार ठप रहा रहा तो सबसे ज्यादा असर कारीगरों को ही पड़ेगा. व्यापार ही नहीं चलेगा तो इन कारीगरों को काम कैसे मिलेगा. व्यापारियों ने कहा कि कई छोटे व्यापारी उधारी पर धंधा करते आ रहे हैं. यदि व्यापार बंद हुआ तो उधारी का क्रम टूट जाएगा.

## छात्रवृत्ति योजना के आवेदन के लिए अंतिम तिथि आज

नवभारत न्यूज

**रीवा, 17 मई, मध्यप्रदेश के अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों को विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना के लिये 18 मई तक आवेदन निर्धारित प्रारूप में आमंत्रित किये गये हैं.**

इस संबंध में जिला संयोजक जनजातीय कार्य केके पाण्डेय ने बताया कि विदेश में उच्च शिक्षा जैसे शोध उपाधि उपरांत अध्ययन, पी.एच.डी. एवं स्नातकोत्तर करने हेतु चयनित अभ्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी. रीवा संभाग के लिए पाँच उम्मीदवारों को इस योजना से विदेश अध्ययन का अवसर दिया जा रहा है. इस योजना के तहत आवेदन पत्र का प्रारूप एवं विस्तृत जानकारी जनजातीय कार्य विभाग की वेबसाइट ट्राइबल डाट एमपी डाट जीओव्ही डाट इन पर उपलब्ध है. आवेदन समय पर करे.

## संक्षिप्त

### बैंकिंग योजनाओं की दी गई जानकारी



**रीवा**. सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय कार्यालय शहडोल के अंतर्गत रीवा शाखा द्वारा शनिवार को शहर के मानस भवन में मेगा एमएसएमई क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम शाहडोल क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रमुख महेन्द्र श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं पर्यवेक्षण तथा मुख्य प्रबंधक चंदन राजा के विशेष निर्देशन में संपन्न हुआ. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी प्रहलाद सिंह रहे. कार्यक्रम में रीवा शाखा के शाखा प्रबंधक प्रताप झा, वरिष्ठ प्रबंधक आशीष अस्थाना सहित बैंक के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सक्रिय सहभागिता रही. कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक व्यापारियों, उद्यमियों एवं व्यवसायियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. शिविर के दौरान एमएसएमई क्षेत्र से संबंधित विभिन्न बैंकिंग योजनाओं, ऋण सुविधाओं एवं बैंक उत्पादों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई. कार्यक्रम के सफल आयोजन में बैंक के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा. वरिष्ठ प्रबंधक आशीष अस्थाना एवं शाखा प्रबंधक प्रताप झा के नेतृत्व में शाखा स्टाफ ने कार्यक्रम की व्यवस्थाओं, ग्राहक समन्वय एवं ऋण प्रस्ताव प्रक्रिया में उल्लेखनीय भूमिका निभाई. मुख्य अतिथि प्रहलाद सिंह ने बैंक की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन स्थानीय व्यापार एवं उद्योग को नई दिशा प्रदान करते हैं. बैंक अधिकारियों ने एमएसएमई क्षेत्र को सशक्त बनाने तथा उद्यमियों को बेहतर वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने हेतु निरंतर प्रयासरत रहने का विश्वास व्यक्त किया.

### कलेक्टर आज करेंगे टीएल पत्रों की समीक्षा

**रीवा**. कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी 18 मई को सुबह 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में टीएल पत्रों तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करेंगे. बैठक में मुख्य सचिव की समीक्षा बैठक के एजेण्डा बिन्दुओं की भी विभागवार समीक्षा की जाएगी. बैठक में गेंहू उपार्जन, पेयजल व्यवस्था, संचारी रोगों से बचाव तथा ई आफिस व्यवस्था की भी समीक्षा की जाएगी. सभी संबंधित अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं.

### गेहूं खरीदी की तिथि बढ़ाई जाए : सुब्रत



**रीवा**. भारतीय किसान यूनियन मध्यप्रदेश प्रदेश के अध्यक्ष सुब्रत ने मध्यप्रदेश सरकार से माग कि है कि समर्थन मूल्य मे गेहू कि खरीदी की अन्तिम तारीख 23 मई निर्धारित की गयी है जिसे बढाया जाय. सभी पंजीकृत किसानो का गेहू समर्थन मूल्य मे खरीदा जाय, स्लाट बुक हो सर्वर की समस्याओ का समाधान किया जाय. जो किसान स्लाट बुक होने के बाद भी खरीदी केन्द्रो मे खरीदे गये गेहू के परिवहन ना होने जगह ना होने वारदाने ना होने के कारण स्लाट बुक होने के बाद भी समर्थन मूल्य मे गेहू नही बेच पाये है उनके स्लाट पुन:बुक हो सर्वर मे व्यवस्था की जाय, समर्थन मूल्य मे खरीदे गेहू का किसानो को तत्काल भुगतान कराया जाय खरीदी केन्द्रो से भंडारण केन्द्र तक उठाव परिवाहन तत्काल कराया जाय. समर्थन मूल्य मे गेहू बिक्री करने मे इस वर्ष किसानो को भारी दिक्कतो का सामना करना पडा है गेहू के बोबाई के समय से खाद की कमी से लगातार किसान जूझते रहे एक एक बोरी खाद के लिए परिवार भर के किसान रात दिन लाईन मे रहे खाद के लिए लाठी खानी पडी.

## इलेक्ट्रॉनिक ऑटो से पहुंचे भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 17 मई, युवाओ से युवा संवाद करने हेतु भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष का मऊगंज जिले मे प्रथम आगमन हुआ युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष मऊगंज पहुंचे.**

देश के प्रधानमंत्री ने जो आवाहन किया था ऊर्जा बचाने का उसका पालन करते हुये श्याम टेलर मऊगंज के युवाओं के बीच पहुंचे. जहा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया. श्याम टेलर ने युवाओं से संवाद करते हुये कहा की मऊगंज के युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओ ने इतनी भीषण गर्मी मे भी भारी संख्या मे उपस्थित रहकर भारतीय जनता पार्टी के प्रति जो समर्पण है वो मिशाल पेस की है तथा उन्होंने माननीय प्रधानमंत्री जी की बात दोहरातें हुये कहा की हमें अपने ऊर्जा संसाधन को बचाते हुये देश व समाज की सेवा करनी है और भारत माता को परम वैभव पर पहुंचना है.

युवा ही देश एवं पार्टी का भविष्य है, कार्यक्रम मे युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष योगेंद्र ठाकुर, प्रदेश कोषाध्यक्ष प्रियंक जैन आदि मौजूद रहे.

# विचारधारा के प्रति निष्ठा हमारे संगठन की पहचान : जनार्दन

नवभारत न्यूज

**रीवा, 17 मई, भारतीय जनता पार्टी रीवा का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग समदड़िया गोल्ड रीवा में संपन्न हुआ. समापन सत्र को संबोधित करते हुए रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा ने कहा कि विचारधारा के प्रति निष्ठा हमारे संगठन की पहचान है.**



पार्टी कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण सतत चलने वाली प्रक्रिया है. अभ्यास वर्ग से हमारे कार्य व्यवहार और गुण में व्यापक सुधार होता है प्रशिक्षण वर्ग में जिस तरह सेअनुशासन और व्यवस्थाएं रखी गई वह व्यक्तित्व निर्माण के भाव को जागृत करने का माध्यम बनती हैं संगठन की सफलता से कार्यकर्ताओं का सम्मान बढ़ता है. सतत संपर्क और संवाद के साथ संगठन के कार्यों के लिए समय देना हम सभी कार्यकर्ताओं का दायित्व है. भाजपा रीवा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता ने कहा कि संगठन को और बुलंदियों तक पहुंचाने के लिए पार्टी के सभी कार्यकर्ता परिवार भाव से सक्रियता के साथ कार्य कर रहे हैं.

मध्य प्रदेश अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष रामलाल रौतेल, युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर, सिंगरौली विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष वीरेन्द्र गोयल आदि ने सम्बोधित किया.

# जिला चिकित्सालय में मनाया गया डेंगू नियंत्रण दिवस

नवभारत न्यूज

**रीवा, 17 मई, डेंगू मच्छर जनित बीमारी है, डेंगू से बचाव के लिए गत दिवस जिला चिकित्सालय में डेंगू नियंत्रण दिवस मनाया गया.**

कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यत्नेश त्रिपाठी ने कहा कि छोटी-छोटी सावधानी बरतकर डेंगू से बचाव किया जा सकता है. डेंगू रोग एडीज प्रजाति के मच्छर के काटने से होती है. यह मच्छर




साफ पानी में प्रजनन करता है. कूलर, पुराने टायर, पानी की टंकियां, पालीथिन, खुले में रखे अनुपयोगी बर्तन, गमले, मटके आदि में डेंगू के मच्छर पनपते हैं. इससे बचाव के लिए घरों के आसपास पानी जमा न होने दें. पुराने बर्तनों, टायरों, गमलों आदि में भी पानी का संग्रहण न होने दें. मटके, पानी की टंकियों आदि की नियमित साफ-सफाई करते रहें. कार्यक्रम में डॉ. केबी गौतम, जिला मलेरिया अधिकारी श्रीमती स्मृता नामदेव तथा स्वास्थ्य अधिकारी नगर निगम मुरारी कुमार ने डेंगू के बचाव के लिए किए जा रहे उपायों की जानकारी दी. कार्यक्रम के बाद मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने डेंगू जागरूकता रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया.

# फॉर्मर रजिस्ट्री बनाने के लिए कल लगेंगे विशेष शिविर

नवभारत न्यूज

**रीवा, 17 मई, शासन के निर्देशों के अनुसार किसानों के सभी खसरा नम्बर एग्रीस्टेक पोर्टल पर दर्ज करके किसानों की फार्मर आईडी बनाई जा रही है.**

इसके आधार पर ही किसानों को किसान सम्मान निधि का भुगतान किया जा रहा है. रीवा जिले में किसानों की फार्मर आईडी बनाने के लिए 20 मई तक ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है. शिविरों के आयोजन के लिए तहसीलवार स्थल और तिथियाँ निर्धारित कर दी गई हैं. फार्मर रजिस्ट्री बनाने के लिए 19 मई को तहसील सिरमौर में डिहिया, माड़ौ, हर्दीकला, हर्दीखुर्द निबुहा, सौर, हटवा, लोटनी, सेंदहा तथा हिनौती में शिविर लगेंगे. तहसील जवा में लोहगढ़, बौसड़, हरदोली, गहिलवार, कल्याणपुर, खम्हरिया, तेंदुनी, परिहारिन पुरवा, बसरेही, किरहाई, खम्हरिया में शिविर लगेगा.

## फरार चल रहा दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**रीवा, 17 मई, जिले की रायपुर कर्चुलियान पुलिस ने किशोरी से दुष्कर्म के फरार ईनामी आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया किया, जहा से आरोपी को जेल भेज दिया गया.**

घटना के संबंध में जानकारी देते हुए रायपुर कर्चुलियान थाना प्रभारी राजकुमार तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि 2 मार्च को पीड़िता किशोरी द्वारा थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी कि आरोपी आशीष प्रजापति उम्र 25 वर्ष निवासी बुड़वा द्वारा उसके साथ जान से मारने की धमकी देकर बार-बार शारीरिक संबंध बना रहा था, इस दौरान वह गर्भवती हो गई. जिसके बाद आरोपी से उससे दूरी बना ली और किसी को जानकारी देने पर जान से मारने की धमकी देने लगा. पीड़ित की शिकायत पर पाक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की गई. लेकिन आरोपी फरार हो गया था पुलिस की पतासाजी के दौरान आरोपी सतना से गिरफ्तार किया गया.

# नीट पेपर लीक के विरोध में मऊगंज में मशाल जुलूस

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 17 मई, प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष के निर्देश पर मऊगंज में नीट परीक्षा लीक, बढ़ती पेट्रोल-डीजल महंगाई एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं की महंगाई के विरोध में राष्ट्रव्यापी मशाल जुलूस निकाला गया.**




मऊगंज कांग्रेस कार्यालय से प्रारंभ होकर बाजार होते हुए चाक मोड़ तक पहुंचे इस मशाल जुलूस में प्रदेश महासचिव एवं पूर्व विधायक सुखेन्द्र सिंह बन्ना एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष हरिलाल आदिवासी के आयोजकत्व में कांग्रेसजनों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया. कार्यक्रम के दौरान बढ़ती महंगाई, युवाओं के भविष्य के साथ हो रहे खिलवाड़ एवं जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जोरदार आवाज बुलंद की गई. इस अवसर पर पदमेश गौतम, नरेन्द्र सिंह, विश्वनाथ मिश्रा, बसंत मिश्रा, शेख मुख्तार, हिंचलाल पटेल, राजमणि पटेल, उमाकांत पटेल, धीरज सिंह, आशुतोष तिवारी, वीरेंद्र मिश्रा, मृत्युंजय चतुर्वेदी, अखिलेश पटेल, भरत सोनी, आनंद सिंह, रामबहादुर शर्मा, सीताशरण सोनी, दिनकर राल्ही, अजय सिंह, अनिल तिवारी, मकसूद खान, मधुकर पांडेय, अन्नू खान, वारिश खान, प्रदीप शर्मा, गिरजा गुप्ता, नरेश गुप्ता, श्याम जी गुप्ता, दिव्यकांत त्रिपाठी, सुरेंद्र गुप्ता, ज्ञानेंद्र श्रीवास्तव, अरुणा तिवारी मौजूद रही.

# ट्रक चालक से मारपीट कर लूट, पुलिस ने कहा लूट नहीं चोरी की करो शिकायत

नवभारत न्यूज

**रीवा, 17 मई, रीवा में ट्रक चालक से मारपीट कर लूट का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है.**

आधा दर्जन की संख्या में बदमाशों ने सड़क के बीच खड़े होकर पहले ट्रक का रास्ता रोका और फिर ट्रक के रुकते ही वह चालक के ऊपर टूट पड़े. आरोपियों ने ट्रक के चालक से मारपीट की और जेब मे रखा मोबाइल सहित नगदी रुपए लूट कर फरार हो गया. दरसल् घटना शनिवार की रात शहर के बिछिया थाना क्षेत्र में स्थित ग्राम बैसा के समीप की है. फिलहाल चालक ने थाने पहुंचकर जब मामले की शिकायत दर्ज कराई तो पुलिस ने लूट की शिकायत दर्ज करने की बजाय उसे मोबाइल गुम हो जाने की शिकायत करने की सलाह दी. इतना ही नहीं आरोप है कि चालक के साथ हुई घटना के बाद ट्रक के मालिक के द्वारा एक संदेही युवक को भी पकड़ कर थाने लाया गया, जिसे पुलिस ने बिना किसी कार्रवाई के ही थाने से चलता कर दिया.

घटना के संबंध में ट्रक के चालक रमेश साकेत निवासी बदवार थाना गुढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि वह शनिवार की रात हाईवा ट्रक मे मिट्टी लोड कर मुकुंदपुर के हर्दी गांव से बैसा गाव आ रहा था, तभी बैसा गांव पहुंचते ही आधा दर्जन की संख्या में बदमाशों ने उसका रास्ता रोक लिया और ट्रक को रोक कर चालक के साथ मारपीट करते हुए जेब में रखा मोबाइल सहित 1500 की नगदी छीन कर फरार हो गए. फिलहाल घटना की शिकायत करने के बाद भी पुलिस ने कार्रवाई करना तो दूर शिकायत तक नहीं दर्ज की और फरियादी को लूट की जगह मोबाइल गुम हो जाने की शिकायत करने की सलाह दे दी. वहीं घटना के एक संदेही को ट्रक मालिक द्वारा सौपने के बाद भी बिना किसी कार्रवाई के थाने से छोड़ देना पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान खड़े कर रहा है.

## रथ ने दिया उन्नत खेती का संदेश

रीवा, 17 मई, किसानों को खेती की आधुनिक तकनीक तथा जैविक खेती की जानकारी देने के लिए जिले भर में किसान रथ भ्रमण कर रहा है. इस संबंध में उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने बताया कि भ्रमण के क्रम में किसान रथ ने विकासखंड रीवा के ग्राम शिवपुरवा का भ्रमण किया. रथ के माध्यम से कृषि वैज्ञानिकों एवं अधिकारियों ने जानकारी दी.